India Scheduled Castes and Scheduled Tribes Employees' Welfare Association, New Delhi, a Social Welfare organisation of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes, has addressed some letters to the Ministry of Home Affairs during the period January, 1969 to March, 1970;

(b) whether the Association is a Society registered under the Societies Registration Act;

(c) whether any replies sent to the Association; and

(d) If not, the reasons therefor ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI K. S. RAMASWAMY) : (a) Yes, Sir.

(b) It has been stated on behalf of the Association that it is a registered Society,

(c) Yes, Sir,

(d) Does not arise.

हरिजनों तथा हरिजन लड़कियों पर ज्यादतियों को रोकने के लिए एक उच्च शक्ति प्राप्त आयोग का गठन

9833. श्री वंशनारायण सिंह : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनका ध्यान एक हरिजन लड़की से छेड़छाड़ के बारे में 20 अप्रैल, 1970 के दैनिक "नव भारत टाइम्स" के पृष्ठ 3 पर छपे समाचार की ओर दिलाया गया हैं ;

(ख) क्या सरकार का विचार हरिजन लड़कियों से बलात्कार तथा छेड़छाड़ की घटनाओं को रोकने तथा हरिजनों के जाने व माल की रक्षा की दृष्टि से एक उच्च शक्ति प्राप्त वाला आयोग बनाने का है ; जिसका चेयरमैन तथा अन्य सदस्य हरिजन हों ;

(ग) क्या भारतीय दण्ड संहिता में संशोधन करने का विचार है ताकि लड़की से बलात्कार करने वाले व्यक्ति को मृत्यु दण्ड दिया जा सके ; और

(घ) पिछले तीन वर्षों में समूचे देश में हरिजनों की हत्यायें की गई, कितने हरिजनों को जीवित जलाया गया, कितनी हरिजन लड़कियों से बलात्कार तथा छेड़छाड़ की गई और कितने हरिजनों को अपना धर्म बदलने पर बाध्य किया गया ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) जी हां, श्रीमान् ।

(ख) और (ग). ऐसे कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

(घ) नागालैंड सरकार तथा मणिपुर, अन्दमान व नीकोबार द्वीप समूह और नेफा के संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों से प्राप्त सूचना के अनुसार ऐसे कोई मामले नहीं हुए हैं । शेष राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के सम्बन्ध में सूचना अभी प्राप्त नहीं हुई है ।

मंत्रालयों में हिन्दी न जानने वाले अधिकारी

9834. श्री वंश नारायण सिंह :
श्री नारायण स्वरूप शर्मा :
श्री रामस्वरूप विद्यार्थी :
श्री ओम प्रकाश त्यागी :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और कार्यालयों में हिन्दी न जानने वाले कितने अधिकारी हैं ;